## मेरी छवि धूमिल करने का कुछ लोग प्रयास कर रहे हैं

तारिक नियाजी

**धौरा टांडा (बरेली)**नगर पंचायत धौरा टांडा के अध्यक्ष पद के दावेदार बीएसपी युवा नेता तारिक नियाजी लगातार कस्बे के लोगों से संवाद बनाए हुए हैं हमने पूर्व में भी अपने समाचार पत्र के माध्यम से खबरें लगाई थी तारिक नियाजी से हुई एक भेंटवार्ता में उन्होंने बताया कि कुछ लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र बस यह दुष्प्रचार फैला रहे हैं कि उन्होंने अपना समर्थन किसी दूसरे प्रत्याशी को दे दिया है जबकि ऐसा कुछ नहीं है यह भ्रामक तथ्यहीन खबरें हैं मेरी छवि धूमिल करने का मकसद है मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी तन्मयता लगन से चुनाव लड़ रहा हूं और लड़ूंगा अगर आप ने साथ दिया तो आप लोगों की सेवा करते हुए कस्बे में विकास की गंगा बहाएंगे और हमारा प्यार हमेशा आपके बीच बना रहेगा



## डिजिटल एक्सरे सेंटर के युवकों ने छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शर्बत

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

**नूरपुर।** नगर स्थित आर जे डिजीटल एक्स-रे सेंटर के तत्वावधान मे सेंटर के युवकों ने सेंटर के प्वाइंट पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस दौरान युवकों ने सुबह 9 से शाम 3 बजे तक सड़क पर खड़े रह कर वाहनों को रुकवा यात्रियों एवं राहगीरों को शीतल एवं मीठा जल पिलाया।इस दौरान समाजसेवी डॉक्टर शाहनवाज अंसारी ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों की जल सेवा करने से बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। इस लिए इस भीषण गर्मी मे छबील लगाकर लोगों को मीठा जल पिलाने का काम किया।उन्होंने सभी लोगों से गर्मी के मौसम में बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छबील लगाकर राहगीरों विशेषकर मजदूरों को ठंडा शबरत पिलाने का आह्वान किया।इस मोके पर डॉ शाहनवाज अंसारी, मो शाहरुख, अंकित कुमार, फहीम अंसारी,मश्कूर अहमद, शोराज सिंह आदि का सहयोग रहा।

## वृहद जन जागरूकता अभियान के तहत धौरा टांडा में पॉलिथीन उपयोग ना करने की दिलाई शपथ

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली)** वृहद जन जागरूकता अभियान (RACE) के तहत आज नगर पंचायत धौरा टांडा सभागार में पुलिस थाना अध्यक्ष भोजीपुरा इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान व अधिशासी अधिकारी देवेंद्र प्रताप गौतम ने संयुक्त रूप से कस्बे के जिम्मेदार लोगों को यह शपथ दिलाई के भविष्य में हम प्लास्टिक से बनी थैली का उपयोग नहीं करेंगे किसी भी घरेलू या बाहरी वस्तु को भी पॉलिथीन में नहीं लेंगे और दूसरे लोगों को प्रेरित करते हुए उनको भी रोकेंगे कस्बा व हमारे आसपास पॉलीथिन से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रण हेतु हम इस को हर हाल में रोकने नदी, नहर, नाले ,तालाब को पॉलिथीन मुक्त रखते हुए स्वच्छ रखेंगे प्रत्येक व्यक्ति को शपथ पूर्वक 10-10 व्यक्तियों को पॉलिथीन उपयोग से रोकने के लिए कहा गया है बताते चलें पॉलिथीन के उपयोग पर रोक हेतु नगर पंचायत समय-समय पर अभियान चलाती रही है और इस अभियान में और तेजी लाई जाएगी ताकि हमारा कस्बा प्लास्टिक मुक्त रहे दुकानदारों को भी चाहिए पॉलिथीन ना लाएं इसके स्थान पर क्राकरी डिस्पोजल वाली थैली का विक्रय करें और जनता को भी प्रेरित करें इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति इफ्तिखार अहमद, लिपिक धर्मपाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे





## पुलिस ने एक युवक को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना ।** पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर बिजनौर के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री राम अर्ज के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला नगीना व प्रभारी निरीक्षक प्रिंस कुमार नगीना के कुशल पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक मनोज कुमार कांस्टेबल प्रविन्द्र कुमार कांस्टेबल नेपाल सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर माल गोदाम के पास से एक युवक छत्रपाल उर्फ भोले पुत्र टेक चंद निवासी ग्राम हाजीपुर थाना कोतवाली उम्र 36 वर्ष को थाना नगीना द्वारा चोरी किए गए बैटरा इनवर्टर सहित गिरफ्तार किया गया।




## *पति ने हलाला का बनाया दबाव पत्नी ने मना किया तो फेंका तेजाब।*

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी


**जिला बरेली** किला में तीन तलाक पीड़िता पर उसके पति ने तेजाब फेंक दिया। जिससे चेहरा समेत उसका पूरा शरीर झुलस गया। जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।किला में मलूकपुर की रहने वाली महिला का निकाह इश्हाक के साथ हुआ था। बाद में दोनों के बीच अनबन हो गई। इश्हाक ने उसे तीन तलाक दे दिया। अब पिछले कई दिनों से वह उनसे साथ रहने का दबाव बना रहा था। महिला इसका विरोध कर रही थी। इसको लेकर उनमें झगड़ा हुआ। जिसके बाद दोपहर में इशहाक ने महिला पर तेजाब फेंक दिया। इस मामले की शिकायत किला थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



## प्रतिबंधित जानवरों की कुरबानी न करें : इसरार जैदी

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

**किरतपुर** ईद उल अजहा का त्यौहार शांति व श्रद्धा से मनाए तथा प्रतिबंधित जानवरो की कुरबानी हरगिज न करें यह कहना है भारतीय गौरक्षा वाहिनी अल्पसंख्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इसरार जैदी का। एक बयान में उन्होंने कहा कि नौ या दस जुलाई को मुस्लिम समाज का अहम त्यौहार ईद उल अजहा मनाया जाएगा। जिसमे परंपरागत तरीके से कुरबानी की जाती है। हमारा फर्ज बनता है कि दूसरे लोगो की भावनाओं की कदर करते हुए कुरबानी सार्वजनिक स्थान पर न करे खून को गड्ढा खोद कर दबा दें। और मीट को ढक कर ले जाए। और उसके अवशेषों को ढक कर ले जाए सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही त्यौहार को मनाए तथा प्रतिबंधित जानवरों की कुरबानी कतई न करें।



## अग्नीपथ योजना तेजस्वी यादव परबरसे राहुल प्रधान कहा सत्ता पाने की जल्द बाजी

रिपोर्ट ब्यूरो चीफ मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण

अग्निपथ योजना पर विपक्ष के हंगामा और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के एनडीए सरकार पर निशाना साधने पर भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यः राहुल प्रधान ने कहा कि यह लोग (तेजस्वी और आरजेडी) जनता से हारे हुए लोग हैं. यह हारे हुए लोग परेशान हैं और बहुत जल्दी में हैं. इन लोगों को जल्दी में सत्ता चाहिए. लोगों ने इन पर विश्वास नहीं किया और इन्हें रिजेक्ट कर दिया है. बार-बार रिजेक्ट किया है. उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वो आखिर जल्दबाजी में क्यों हैं? चाहे कुछ भी कर लें, कुछ मिलने वाला नहीं है. जनता का विश्वास यह लोग नहीं जीत पाए हैं, न आगे जीत पाएंगे क्योंकि लोगों ने इन्हें देखा है, समझा है. राहुल प्रधान ने कहा कि सेना राजनीति से अछूती रही है, लेकिन अब उस पर भी विरोधी राजनीति कर रहे हैं. यह लोग युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. उनके भविष्य को अंधकार में डाल रहे हैं.भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यःराहुल प्रधान ने कहा कि कांग्रेस को भी बहुत मौका मिला हिंदुस्तान की आजादी के बाद, अब नए अवसर लोगों के लिए मिल रहे हैं. पिछले दो-तीन दिन के अंदर लगभग 49,000 युवाओं ने अग्निपथ योजना के लिए पंजीकरण किया है और वही युवा तैयारी कर रहे हैं. वो कह रहे हैं कि यह योजना सही है, सबके हित में है. उन्होंने कहा कि जब सही जानकारी और विस्तार से जानकारी सरकार और सेना की तरफ से दी गई तो उसके बाद लोग अग्निपथ स्कीम से कन्विंस हो रहे हैं.श्री प्रधान ने कहा कि अग्निपथ योजना एकाएक नहीं आई है. इसके लिए पिछले 25-30 वर्षों से स्टडी हो रहा था. सेना के लोगों ने स्टडी किया है, कई एक्सपर्ट कमेटी ने स्टडी की है, उसके बाद आवश्यकतानुसार एक नई योजना लाने की कोशिश और फैसला सरकार ने किया है, जो देश हित में है. उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल के लोग हैं जो सरकार के हर निर्णय का विरोध करते हैं. उन्होंने विरोध ही नहीं किया बल्कि नौजवानों को बरगलाने और भड़काने का काम किया. इसका परिणाम रहा कि बिहार और देश के दूसरे हिस्सों में हिंसक घटनाएं देखने को मिलीं, ट्रेन चलाई गई, पार्टी का ऑफिस जलाया गया. हमारे बिहार के अध्यक्ष और डिप्टी सीएम के घर पर अटैक हुआ. जनता का PM नरेंद्र मोदी पर विश्वास बरकरार' इसके अलावा, श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता का विश्वास हासिल है. उसका असर उत्तर प्रदेश में लोकसभा के उपचुनाव में एक बार फिर दिखा है. विरोधियों के दावे के बाद भी जनता ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया. इसलिए अग्निपथ योजना को राजनीति से दूर रखना चाहिए.



## पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद मंसूरी ने छात्रो को किया सम्मानित

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** आपको बता दे साहनपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद मंसूरी ने हाई स्कूल के उत्तीर्ण छात्रो को अपने आवास पर सम्मानित किया खुर्शीद मंसूरी ने बताया की छात्र देश का उज्जवल भविष्य है और छात्रो को पढ़ना लिखना जरूरी है उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि अगर वह पढ़ लिखकर किसी पद पर पहुंचेंगे तो माता पिता के साथ साथ देश का नाम भी रोशन करेंग छात्रो को कड़ी मेहनत करके शिक्षा मे अच्छे अंक प्राप्त करना चाहिए शिक्षा के प्रति सभी छात्रो को जागरूक होना चाहिए अगर इंसान पढ़ा लिखा है तो उसका शोषण नही हो पाएगा और वह अपनी लड़ाई लड़ने मे सक्षम रहेगा खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि पढ़ लिखकर इंसान सही और गलत का निर्णय कर सकता है वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद मसूरी ने कोरोना काल मे भी जनता की बड़ी मदद की और उन्होंने शिक्षा को लेकर छात्रो को काफी सहयोग किया आज भी किसी गरीब छात्र की फीस या कोर्स मे सहयोग करने मे वह पीछे नही हटते उनकी इन अच्छाइयो को देखकर उन्हे जनता की दुआएं और प्यार बराबर मिलता है और छात्र-छात्राएं उनका मान सम्मान करते है खुर्शीद मंसूरी का सभी छात्रो व उनके परिजनो ने आभार व्यक्त किया खुर्शीद मंसूरी किसी भी समुदाय के लोगो पर हो रहे अत्याचार को लेकर उसके विरोध मे सबसे आगे रहते है अपनी इन्ही अच्छाइयो की वजह से खुर्शीद मंसूरी सिर्फ साहनपुर मे ही नही बल्कि नजीबाबाद क्षेत्र मे जनता के दिलो पर राज करते है



## रिछा स्टेशन रेलवे फाटक के पास उल्टे सिघे खड़े रहते हैं वाहन व ई रिक्शा कभी भी हो सकता है कोई हादसा

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र में ई-रिक्शा यातायात व्यवस्था नासूर बनते जा रहे है। हजारों की संख्या में चल रहे अधिकांश रिक्शा चालक नाबालिग बच्चे है। जिस पर यदि कोई राहगीर व यात्री इनसे कुछ कह दे तो झगड़े पर आमादा हो जाते है। तहसील क्षेत्र में लगभग दो हजार से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे है। इन रिक्शों के संचालन से जहां एक ओर आवागमन की सुविधा प्राप्त हुई है तो वहीं अनेक परेशानियां भी सामने आ रहीं है। अब्बल तो यह कि न तो इन रिक्शों का कोई रजिस्ट्रेशन ही होता है और न ही कोई वैध पहचान ही है। जिसके चलते यदि इन रिक्शों से दुर्घटना होती है तो पहचानना मुश्किल होता है कि कौन सा रिक्शा था। वहीं नगरपालिका व प्रशासन की कोई दखलंदाजी न होने से रिक्शा चालक पूरी तरह से निरंकुश हो चुके है। जहां मर्जी आती है ये रिक्शा लगाकर खड़े हो जाते है। जिससे यातायात बाधित होता है और घंटों के लिये जाम लग जाता है। बस हो या टैक्सी,गाड़ी स्टैंड पर रूकी नहीं की ये रिक्शा चालक पूरी गाड़ी को घेर कर खड़े हो जाते है और गाड़ी में से उतर रही सवारियों को हाथ पकड़ पकड़ कर जबरन अपने रिक्शे में बिठाने का प्रयास करते है। सीओ डॉ तेजवीर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा से क्षेत्र में जो समस्या आ रही है उसका जल्द ही निस्तारण किया जाएगा



## 100 की कार्ययोजना के सम्बन्ध में 02 दिन मे आख्या उपलब्ध करायें

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो बिजनौर आसिफ अख्तर के साथ मोहम्मद आरिफ

**बिजनौर** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षो को पत्र प्रेषित करते हुये कहा कि

### *01 जुलाई को होगा सम्भव अभियान का शुभारम्भ*

शासन द्वारा 100 दिन की कार्ययोजना तैयार कर उसको क्रियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि जो भी कार्य कराये जायें वह गुणवत्तापरक तथा जनोपयोगी होने चाहियें जिससे कि आम जन को वास्तविक रूप से लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में लाया गया है कि इस दिशा में अपेक्षित रूप से कार्यवाही नहीं की जा रही है, जो सन्तोषजनक नहीं है तथा शासन के निदेशों के विपरीत है। अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि 100 की कार्ययोजना के सम्बन्ध में आपके स्तर से जो कार्य सम्पादित/पूर्ण कराये गये हैं, के सम्बन्ध में तथ्यात्मक आख्या 02 दिन के भीतर मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेन्द्र मिश्र ने जानकारी देते हुये बताया कि शासन द्वारा 01 जुलाई, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक सम्भव अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई, 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टेज्ट सभागार बिजनौर मे सम्भव अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।



## डीएम साहब मनरेगा से सीकरी में बन रहा नाला जिसमे है गड़बड़ घोटाला

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

**किरतपुर।** एक ओर जहां केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों को रोजगार मुहैया करा रही है, वही दूसरी ओर कुछ भ्रष्ट अधिकारी इस योजना के निर्माण कार्य में पलीता लगाते हुए अपनी जेबें गर्म करने पर लगे हुए है। ताजा मामला खंड विकास कार्यालय किरतपुर से संबंधित मनरेगा द्वारा बनाए जा रहे ग्राम सीकरी के नाले का है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव सीकरी में सरकारी स्कूल के सामने एक नाले का निर्माण मनरेगा द्वारा कराया जा रहा है। जिसमे मानक व गुणवत्ता के अनुसार निर्माण सामग्री नही लगाई जा रही है अव्वल ईंटो की जगह दोयम व सोयम ईंटें लगाई गई है। और रेत बदरपुर भी घटिया किस्म का लगाया गया है तथा जिसमे सीमेंट की मात्रा भी कम है। ग्राम प्रधान सीकरी वाजिद का भी कहना है कि स्कूल के शौचालयों व मनरेगा द्वारा बनाए जा रहे नाले में दोयम व सोयम ईंटो के अलावा घटिया सामग्री लगाई गई है। जबकि वहां पर मजदूरी कर रहे एक बुजुर्ग मजदूर ने अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि भीषण गर्मी में वह मजदूरी का कार्य कर रहा है और ठेकेदार उसको मजदूरी के पैसे न देकर आर्थिक रूप से परेशान कर रहा है। जिससे उसके घर में चूल्हा ठंडा होने की नौबत आ गई है। जब इस सम्बंध में पंचायत सीक्रेट्री सुमित कुमार व रोजगार सेवक/ठेकेदार से बात की गई तो उनका का कहना है कि नाले के निर्माण में कोई घटिया सामग्री का प्रयोग नही किया गया है, इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी ज्ञान सिंह का कहना है कि नाले के निर्माण की जांच कराई जाएगी। दूसरी ओर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नाले की जांच अगर ईमानदारी से करा ली जाय तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।



## मोहल्ला जोशियान में निमार्णाधीन मकान को शत्रु संपत्ति

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण

**बिजनौर** मोहल्ला जोशियान में निमार्णाधीन मकान को शत्रु संपत्ति में बताते हुए हल्का लेखपाल ने मोके पर पहुचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिसके चलते पूरी कॉलोनी में हड़कंप मचा हुआ है। निर्माण कताओं ने उक्त जमीन को अपनी बैनामे शुदा बताया है।मौहल्ला जोशियान की भूमि संख्या 538 की 2 बीघा भूमि को शत्रु संपत्ति बताते हुए हल्का लेखपाल अतुल कुमार ने मोहल्ला जोशियान निवासी निपेन्द्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय उमादत्त जोशी के निर्माणधीन मकान के लिंटर को रुकवा दिया साथ ही मकान के लिये नींव भर रहे रवि जोशी पुत्र सुदर्शनदत्त जोशी के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। बताया जाता है कि हल्का लेखपाल द्वारा दिए गए तर्कों के आधार पर निर्माण स्वामियों द्वारा अपना पक्ष रखा गया। आरोप है कि हल्का लेखपालों द्वारा निर्माणकर्ताओ की बात को अनसुना कर दिया गया। निपेन्द्र शर्मा एवं रवि कुमार शर्मा ने बताया कि यह उनके पिता द्वारा खरीदी गई भूमि है। जिस पर वह नियमानुसार अपना मकान बना रहे हैं। हल्का लेखपाल अतुल कुमार ने बताया कि उक्त भूमि शत्रु संपत्ति घोषित पूर्व में की जा चुकी है। जिस पर कराए जा रहे निर्माण को रुकवा दिया है। साथ ही रिपोर्ट उन्होंने उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। जिसके उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बॉक्स 2003 में हुआ बैनामा निमाणाधीन मकान स्वामी निपेन्द्र जोशी ने बताया कि वर्ष 2003 में मोहम्मद हामिद पुत्र रहीमबख्श से पंडित उमादत्त जोशी पुत्र राम प्रसाद जोशी द्वारा 250 गज की भूमि खरीदी गई थी। जिसका बैनामा भी उनके पास है। वह मामले को लेकर उच्चाधिकारियों से मिलेंगे। क्या है शत्रु सम्पत्ति ? जो लोग बंटवारे या 1965 में और 1971 की लड़ाई के बाद पाकिस्तान चले गए और वहां की नागरिकता ले ली थी, उनकी सारी अचल संपत्ति 'शत्रु संपत्ति' घोषित कर दी गई। उसके बाद पहली बार उन भारतीय नागरिकों को संपत्ति के आधार पर 'शत्रु' की श्रेणी में रखा गया, जिनके पूर्वज किसी 'शत्रु' राष्ट्र के नागरिक रहे हों। शत्रु संपत्ति से जुड़ा मुख्य कार्यालय मुंबई में स्थित है।



## सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी ने सास -बेटा-बहू सम्मेलन का फीता काटकर किया शुभारंम्भ

दैनिक समाज जागरण बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी

**नजीबाबाद।** आपको बता दे दिनाक 29-6-22 को मोहल्ला मुगलूशाह मे नामदेव धर्मशाला मे सास -बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमे परिवारिक जीवन को लेकर समाज को जागरूक किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंम्भ मोहल्ला मूगलूशाह की नामदेव धर्मशाला मे सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी ने फीता काटकर किया अमजद सिद्दीकी ने कहा कि सास को मां समझ कर और बहू को बेटी समझ कर एक दूसरे को प्यार मोहब्बत से घर गृहस्ती चलानी चाहिए और छोटी-छोटी बातो को लेकर आपस मे झगड़ा ना करके नजर अंदाज करना चाहिए और बेटे को चाहिए मां और बहू दोनो का हक बराबर देना चाहिए इस सम्मेलन मे डॉक्टर सुशील,सालिम(BCPM),नेपेन्द् (BHW) प्रिस(BHW ) की अध्यक्षता मे कार्यकम आयोजित किया गया। इस मौके पर आशा माधवी,रूपा,हिना आ. कार्यकरी रीतू रानी,रानी देवी,सुनीता रानी,सलमा परवीन,सध्यिक हेमलता,प्रेमलता,शायरा व मीनाक्षी चौहान A.N.M ,तथा सावरीन,नदीम लाभाति आदि उपस्थित रहे।



## नगीना चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** शहर में चोरों ने इंडियन गैस एजेंसी के पास स्थित तीन घरों को निशाना बनाते हुए वहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने वन विभाग के कार्यालय को भी नहीं बख्शा।चोरों ने कार्यालय के ताले तोड़कर वहां रखा कीमती सामान आदि चुरा लिया।वन विभाग में कार्यरत रुचित चौधरी पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम जलालपुर छोईया थाना बिजनौर ने थाना नगीना में तहरीर देकर बताया कि वह वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत है।उसने बताया कि इण्डेन गैस एजेंसी नहटौर रोड पर एक घर मे वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय स्थित है।रूचित कुमार ने दी गई तहरीर में बताया कि जब वह अपने कार्यालय पर पहुंचा तो कार्यालय के मेन गेट की चादर उखड़ी हुई मिली। जबकि गेट पर ताला लगा हुआ था।कुछ संदेह होने पर उसने इसकी सूचना मकान मालिक के भाई को दी व मुख्य गेट का ताला खोलकर जब वह अंदर गया तो वहां देखा कि कमरों के दरवाजे टूटे हुए थे और राजकीय अभिलेख बिखरे पड़े हुए थे। चोरों ने कार्यालय से दो बैटरे दो इनवर्टर एक एलजी का छोटा फोन दूरबीन तथा कुछ जरूरी कागजात आदि गायब मिले।तहरीर में बताया कि निकट के नागेंद्र कुमार के मकान में के भी ताले तोड़कर चोरी की गई जबकि पड़ोस में ही रहने वाले शिव कुमार राणा पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम तिगरी व अनूप सिंह उर्फ बनबिटोल थाना बढ़ापुर के घर में भी इसी रात एक लैपटॉप आदि की चोरी हुई है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटनास्थल का मौका मायना कर घटना का शीघ्र खुलासा करने की बात कही।

## ₹15000 का पुरस्कार घोषित शातिर शराब माफिया एक चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद** पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पुलिस द्वारा गैंगस्टर अधिनियम में वांछित ड्ढ15000 का पुरस्कार घोषित शातिर शराब माफियाओं को एक चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह द्वारा गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे। अभियान के क्रम में नजीबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जमाल थी तिराहे से मुकदमा अपराध संख्या। 186/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित और ड्ढ15000 का पुरस्कार घोषित साथी शराब माफिया ओम प्रकाश उर्फ भालू पुत्र जीत सिंह उर्फ जोत सिंह निवासी ग्राम मुसबीखानपुर उर्फ चोगांवा को एक नाजायज चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए शराब माफिया पर लगभग एक दर्जन मुकदमे पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 श्री चंद्रवीर सिंह थाना नजीबाबाद, का0 नीरज थाना नजीबाबाद ,का0 अमित थाना नजीबाबाद बिजनौर शामिल थे




## मण्डावर नगर पंचायत में चला योगी बाबा का बुलडोजर

दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह

**मण्डावर** मैं प्रीतम सिंह द्वार से होते हुए मण्डावर बस स्टैंड व शराब के ठेके तक अवैध रूप से कबजाई जमीन को थाना अध्यक्ष संजय कुमार व अधिशासी अधिकारी गार्गी तहसीलदार अजय कुमार व पुलिस बल ने बुलडोजर चलाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मण्डावर में दुकानदारों ने अपनी दुकान को आगे बढ़ाकर कब्जा कर रखा था। जिससे प्रशासन द्वारा नोटिस भेजा गया था।इसके बाद भी दुकानदारों ने जमीन को कब्जा मुक्त नहीं किया । लेकिन उसके बावजूद भी दुकानदारों ने अपनी हठधर्मिता करते हुए अवैध निर्माण को नहीं हटाया। आज बुधवार को प्रशासन व शासन के आदेश पर बुलडोजर चलाकर जमीनों को कब्जा मुक्त कराया गया ।साथ ही उन लोगों से भी आग्रह किया जिन लोगों ने अभी भी सरकारी जमीन पर अपनी हठधर्मिता के बल पर कब्जा कर रखा है। अगर लोगों ने उन जमीनों को कब्जा मुक्त नहीं किया तो फिर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर बुलडोजर चलाकर उनसे सरकारी संपत्ति को कब्जाने का मामला भी संज्ञान में आएगा और कब्जा मुक्त भी कराया जाएगा।



## सड़क पर वह रही नाली की गन्दगी से राहगीरों को मिली निजात

समाज जागरण संवाददाता समाज जागरण

**जनपद बरेली** की ग्राम पँचायत हरेली अलीपुर के ग्राम जिगिनियाँ में टिसुआ मार्ग पर बर्षों पूर्व से नाली की गन्दगी सड़क पर वह रही थी।ग्राम प्रधान जुगेन्द्र सिंह ने जिम्मे दारी को निभाते हुए सड़क पर वह रही गन्दगी को समाप्त करने का प्रयास किया एवँ सफलता प्राप्त कर विभागीय अनुमति लेकर नाला निर्माण कराया।नाला निर्माण होने से सड़क पर वह रही भारी गन्दगी से जहाँ राहगीरों को राहत भरा सफर मिला है वहीं ग्रामीणों को गन्दगी से निजात मिली है। प्रधान जुगेन्द्र ने पंचायत बासियों से अपील की है कि नाले एवँ सड़क को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।



## आकाशीय बिजली से वृद्ध की मौत

संवाददाता आशु खरवार

**नगरा ( बलिया) :**थाना क्षेत्र के अतरौली करमौता गांव में बुधवार को अल सुबह आकाशीय बिजली के चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेंज दिया। घटना के बाद वृद्ध के परिजनों में कोहराम मच गया। बब्बन राजभर 60 सुबह अपनी रिहायशी छप्पर को अंदर से ही ठीक कर रहे थे। इसी समय आसमान में बिजली की कडकडाहट शुरु हो गई। अचानक बब्बन बिजली की चपेट मे आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

22 may 2022:Layout 1 6/30/2022 1:51 AM Page 12



# दरियापुर कठौन के 20 वर्षीय युवक फंटूस कुमार रजौन के चैनपुर से लापता।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर जिला के सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर सैदपुर कठौन के आजो सिंह का छोटा पुत्र फंटूस कुमार सिंह उर्फ फुटुस जिसकी उम्र 20 वर्ष है वह लापता हो गया है ! फंटूस की माँ और भाभी ने बताया की वे अपना घर कठौन से रविवार को दोपहर के 01 बजे बिना किसी को बताये बांका जिला के रजौन थाना अंतर्गत चैनपुर गांव पहुंचा था , उस गांव में डोमन सिंह के यहां लापता फंटूस का मौसी का घर हैं और फंटूस के घर वाले को फोन कर बताया की फंटूस मेरे यहाँ आया हैं साथ ही फिर सोमवार को सुबह घर जाने की बात कह कर निकल गया ! लेकिन तीन दिन बीत गया फिर भी अभी तक घर वापस नहीं लौटा है। ऐसे में रजौन थाना में परिजनों ने लापता होने का प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया हैं ।पुलिस खोज बिन में जुट गई है !



# मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक स्वर्ण व्यवसायी के घर गोलीबारी।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नुरपुर राजपूत टोला में बैखौफ अपराधियों ने देर रात एक स्वर्ण व्यवसायी के घर पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है, उक्त गोलीबारी से स्वर्ण व्यवसायी कारु साह बाल बाल बच गये हैं, जबकि उक्त गोलीबारी से स्वर्ण व्यवसायी कारु साह को हल्की चिंगारी की छींटें लगी है, वहीं स्वर्ण व्यवसायी कारु साह ने बताया कि अपराधी मन्नु यादव उर्फ मनुआ ने पंद्रह दिन पहले तीन लाख रुपए रंगदारी की मांग की थी,नही देने पर मन्नु यादव अपने चार साथियों के साथ देर रात घर पर आकर हत्या की नीयत से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है,जिसका लिखित शिकायत मधुसूदनपुर थाना में दर्ज किया गया गया है, वहीं घटना को लेकर एएसपी सहित मधुसूदनपुर थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है, जबकि एसएसपी ने मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर मधुसूदन पुर थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 7 समितियों के पदाधिकारियों का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण हुआ संपन्न।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

जिला परिषद कार्यालय सभागार में जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 7 समितियों के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ` जिला परिषद अध्यक्ष अनंत कुमार उर्फ टुनटुन शाह और डीआरडीए डायरेक्टर प्रमोद पांडे सहित अधिकारियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न हुआ` इस दौरान जिला परिषद के सामान्य समिति ,वित्त अंकेक्षण समिति, शिक्षा समिति, उत्पादन समिति, सामाजिक न्याय समिति , लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति और लोक कार्य समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया` जिला परिषद अध्यक्ष टुनटुन साह ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में अधिकारियों का मनोनयन कर लिया गया जिससे जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी आ सकेगी` चुनाव के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणब कुमार, जिला परिषद सदस्य गौरव कुमार सहित सभी जिला परिषद सदस्य मौजूद थे



# उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या पर टिप्पणी करते हुए भागलपुर के कांग्रेसी नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

**भागलपुर :--समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

प्रशासन ने जिस तरह से दोनों युवकों को गिरफ्तार किया वह सराहनीय है लेकिन सरकार को इसकी जवाब देनी चाहिए

भागलपुर ।उदयपुर की घटना को लेकर पूरे भारतवर्ष में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है दरअसल कहा जा रहा है कि उदयपुर में दो युवकों ने कन्हैया लाल की हत्या कर दी है इस घटना के बाद पूरे देश में उबाल है। साथ ही राजस्थान सरकार भी निशाने पर है। कई जगहों पर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन भी किया है, उसी बाबत आज कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा ने उदयपुर में हुए घटना को लेकर कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है ।हालांकि प्रशासन ने जिस तरीके से तुरंत गिरफ्तार किया वह सराहनीय है, लेकिन सरकार को इसकी जवाब देनी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में ऐसे दुर्दांत अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए ।वहीं केंद्र सरकार को भी निशाना बनाते हुए कहा की मोदी सरकार को कई पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। मोदी सरकार के कार्यकाल में कई जघन्य अपराध हो रहे हैं, यह सही नहीं है।



# जहानाबाद गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के 5 लोग झुलसे।

**समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद घोसी थाना क्षेत्र के अलालपुर गांव में बुधवार को गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में आग लग गई। इसमें दो बच्चों की मौत गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। बताया जाता अलालपुर गांव निवासी अर्जून मिस्त्री के घर में गैस सिलेंडर पर भोजन बन रहा था। इस दौरान गैस लीक हो गया। इसके बाद विस्फोट के साथ घर में आग लग गई। चीखने की आवाज सुनकर गांव के लोग घर के पास पहुंचे। लेकिन, तब तक आग की तेज लपटें पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। इस घटना में 6 साल की रानी कुमारी और 4 साल के ईशु कुमार की झुलसने से मौत हो गई। जबकि बबीता देवी, संजय विश्वकर्मा, रवि उर्फ रौशन कुमार भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर की ओर से इलाज किया जा रहा है। इस घटना से पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया है। सभी लोग इधर उधर भागने लगे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। वही सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



# बाढ़ आपदा से सम्बंधित विस्तृत रूप से विचार विमर्श हेतु प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड परिसर स्थित सभा भवन में बाढ़ आपदा से सम्बंधित विस्तृत रूप से विचार विमर्श हेतु प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। वुधवार को बाढ़ आपदा को लेकर आरओ रविकांत के अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में आरओ ने मौजूद प्रतिनिधियों से बाढ़ आपदा को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। जहां मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि नाव अधिग्रहण कर प्रभावित क्षेत्र में नाव परिचालन करने, बाढ़ आने पर पीड़ितों के ऊंचे स्थल पर रहने को लेकर चिन्हित टीले आदि पर चर्चा किया। वहीं कहा की कोसी के कटाव से कटे घर कट्टी को लेकर अभिलेख तैयार किया किया जा रहा है। ताकि लोगों को मिलने वाला लाभ दिया जा सके। साथ हीं यदि कहीं कोई परेशानी हो तो उसकी सूचना अविलम्ब दें ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके। वहीं आरओ को अवगत कराया गया कि गांव में घर कटने के बाद थरबिट्टा पुनर्वास में लोगों ने अपना घर बना लिया। लेकिन अब यहां भी लोगों के घरों में सीपेज एवं बारिश का पानी भरा हुआ है। वैसे लोगों को भी राहत मिलना चाहिए। मौजूद प्रतिनिधियों प्रभावित क्षेत्र में नौका परिचालन का भी मांग किया गया। उन लोगों ने कहा कि नाविक नाव इसलिए नहीं देने को तैयार हो रहा है की बड़ी नाव पर भी एक हीं नाविक दिया जा रहा है। जहां आरओ ने बताया कि जो लोग नाव देना चाह रहे हो उनसे बात कर उन्हें यहां परवाना बनवाने के लिए भेजे। ताकि समय से नाव का परिचालन हो सके। कुछ प्रतिनिधियों ने बताया की सड़क के टूटने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रहा है। इसलिए या तो सड़क का मरम्मती हो या उस जगह नाव का परिचालन करवाया जाए। जहां बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी को सड़क मरम्मती के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। मौजूद प्रतिनिधियों ने बताया कि कोसी में पानी बढ़ने के चलते लोगों को एक जगह से दूसरे जगह आने जाने के लिए नाव को आवश्यकता है।



नाव के अभाव में लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठाना पर रहा है। जहां आरओ ने नाव के बारे एसडीओ से बात करने की बात कहे।

बैठक में प्रधान सहायक उमेश पासवान, नौआबाखर मुखिया मनोज साह, मौजहा के वार्ड नम्बर 4 से कमलदेव कुमार दास, वार्ड नम्बर 09 से सूर्यनारायण यादव, वार्ड तीन से विजय कांत झा, वार्ड 12 से राजेश कुमार, वार्ड 2 से सुरेंद्र साह, वार्ड 1 से दसरथ यादव, वार्ड 6 उमेश कुमार, वार्ड 5 के वार्ड सदस्य अरुण कुमार चौधरी, वार्ड 11 से उमेश कुमार, वार्ड 8 चंदेश्वरी कामत, वार्ड नम्बर 4 के सदस्य ललिता देवी, वार्ड 2 के सदस्य रंजू देवी मौजूद थे।

# उदयपुर में कन्हैया लाल की एक दर्जी की दुकान में घुसकर हत्या करने के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने किया पुतला दहन।

**भागलपुर :---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी )**

मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग के साथ-साथ प्रदर्शनकारी राजस्थान सरकार को बर्खास्त करने की देख कर रहे हैं मांग

भागलपुर ।राजस्थान के उदयपुर में नूपुर के समर्थन में पोस्ट करने वाले दर्जी की दुकान में घुसकर दिनदहाड़े हत्या करने के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भागलपुर स्टेशन चौंक के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक कर ऐसा कृत्य करने वालों को कड़ी सजा देने की मांग की। साथ ही साथ भागलपुर शाखा के बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओ ने कहा कि राजस्थान की सरकार तुष्टीकरण की नीति अपना रही है ऐसे में सरकार को बर्खास्त कर मामले की जांच सीबीआई से करानी चाहिए। इस दौरान भागलपुर शाखा के बजरंग दल भागलपुर इकाई एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजस्थान की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। कन्हैया लाल हत्याकांड की सीबीआई जांच करवा कर हत्यारों को कठोर से कठोर दंड दिया जाए। आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर देश में प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ मृतक के परिजनों को सरकार की ओर से उचित राशि मुहैया कराने का आदेश दिया जाए।

इस मामले को लेकर राजस्थान के साथ-साथ पूरे भारत वर्ष में यह बवाल आग की तरह फैल गई है। भागलपुर में बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा कि उदयपुर में दिनदहाड़े हिंदू युवक की इस्लामिक जिहादियों द्वारा दुकान में घुसकर हत्या की गई, इसका वीडियो जारी किया और भारत के प्रधानमंत्री को धमकी देकर देश की संप्रभुता को चुनौती दी गई है इस घटना से हिंदू समाज आहत हुआ है। की निर्मम हत्या को लेकर पुतला दहन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भागलपुर शाखा के बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।



शांति व सौहार्द बनाए रखने को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से भागलपुर स्टेशन चौक पर एसडीएम धनंजय कुमार,सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात, सिटी एएसपी शुभम आर्य, तिलकामांझी ,ततारपुर, कोतवाली के थानाध्यक्ष भी कड़ी सुरक्षा को लेकर अपने दल बल के साथ पुख्ता इंतजाम के साथ लगे हुए थे।

# अग्नीपथ योजना के खिलाफ जनशक्ति परिषद का शांति मार्च

**दैनिक समाज जागरण पटना / बिहार**

पटना :जनशक्ति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्तेज प्रताप यादव के निदेर्शानुसार 28 जून को संध्या 4 बजे पटना के गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति से कारगिल चौक तक परिषद द्वारा शांति मार्च किया गया। मार्च का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री प्रशांत प्रताप यादव ने किया।

वर्तमान की केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ जैसी योजना तब लाया गया जब बेरोजगारी अपने उच्चतम रिकॉर्ड को पार कर रही है, युवा भविष्य को लेकर चिंतित हैं। ऐसी परिस्थिति में युवाओं ने उग्र आंदोलन किया इसका पूरा जिम्मेदार जुमलेविरो की सरकार है। लेकीन निर्दोष छात्र, युवा और शिक्षक के ऊपर करवाई कर के वर्तमान की सरकार ने ये साबित किया है की देश को आर एस एस एंड बीजेपी के लोग अपना गुलाम बनाना चाहते हैं और जो इनके नीतियों का विरोध करेगा उसे प्रतारित किया जाएगा।

वर्तमान की जुमले आधारित केंद्र सरकार अपनेविफलताओं को छिपाने के लिए सेना और युवाओं के साथ इस तरह का प्रयोग करना बंद करे। जैसा की पिछले कुछ दिनों से अग्निपथ को ले कर प्रदेश भर में जो माहौल उत्पन्न हुआ। प्रदेश और देश का अरबों की संपति का नुकसान भी हुआ, हमलोग हिंसा का समर्थन कतई नहीं करते, हमलोग गांधी जी को मानने वाले लोग हैं इसलिए आज शान्ति मार्च के माध्यम से सरकार से अपील किया की निर्दोष छात्रों, नौजवानों और शिक्षकों को परेशान न करें, जिन्हें जेल भेजा गया उन्हें रिहा करें और इस योजना पर पुनर्विचार करें।



युवाओं को सफेद गुलाब दे कर उनसे अपील किया की सरकार के छात्र, युवा विरोधी नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक और अहिंसा के तरीके से करें, वर्तमान की जुमलेविरो की सरकार का बहिष्कार आगामी चुनाव में वोट के चोट से करें।

# आईसीटी का प्रयोग कर बेहतरीन एवं प्रभावी शिक्षण द्वारा शिक्षक नसीम ने विद्यालय में छात्र - छात्राओं की बढ़ाई उपस्थिति

**दैनिक समाज जागरण नगरा (सारण)।**

उद्देश्य कई और विविध हो सकते हैं और समाज के भीतर आईसीटी के उपयोग के लिए प्रत्येक स्कूल के अपने सामान्य और विशिष्ट उद्देश्य होंगे। लेकिन छात्र -छात्राओं के लिए अच्छे कार्यक्रम विकसित करने में सक्षम होने के लिए यह बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि इसे प्रभावी ढंग से सीखें।

बीबी राम हाईस्कूल नगरा के गणित शिक्षक व स्मार्ट क्लास के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक नसीम अख्तर ने जिले में सभी विद्यालयों में शिक्षकों को बेहतरीन ढंग से आईसीटी का प्रयोग करते हुए स्मार्ट क्लास का प्रशिक्षण दिया तथा अपने विद्यालय में छात्र छात्राओं को बेहतर ढंग से आईसीटी का प्रयोग कर स्मार्ट टीवी, बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त ई कॉन्टेंट्स तथा स्वयं के द्वारा निर्मित ई कॉन्टेंट्स द्वारा पढ़ाया। जिसके कारण विद्यालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# महाभंडारा के साथ श्रीविष्णु महायज्ञ की हुई पूणार्हुति यज्ञ से वातावरण होता है पवित्रः-देवराहाशिवनाथदासजी।

**दैनिक समाज जागरण आरा ,अख्तर शफी निक्की**

भारत के महाविभूति अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की आज पूणार्हुति हो गई।काशी के प्रसिद्ध यज्ञाचार्य पंडित डॉक्टर भूपेन्द्र पांडेय और उनके सहयोगियों के द्वारा वेदमंत्रों से ग्यारह लाख आहुतियां यजमानों से हवनकुण्ड में दिलाई गई।वहीं लगभग 22 हजार श्रद्धालुओं ने संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज से गुरुदीक्षा ली।इसके बाद संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती



हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ करने वाले बड़भागी होते हैं। इस लोक में उनका दुःख-दारिद्रय तो मिटता ही है, साथ ही परलोक में भी सद्गति की प्राप्ति होती है।वहीं लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने महायज्ञ का प्रसाद ग्रहण किया।वहीं बिहार सहित झारखंड, नेपाल, बंगाल, पंजाब, हरियाणा, नयी दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु भक्त पहुंचे थे।वहीं काशी, हरिद्वार, अयोध्या, वृंदावन से हजारों संत इस महायज्ञ में भाग लिए।जिला प्रशासन, मीडिया बंधु,सहित संपूर्ण ग्रामीणों का अद्भुत सहयोग रहा।

# औरंगाबाद जिले मे आने वाले दिनों में आसमान में घने बादल छाए रहेंगे तथा 30 जून से 4 जुलाई 2022 तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है

**दैनिक समाज जागरण, केशव कुमार**

औरंगाबाद( बिहार) 29 जून 2022:- डॉ अनूप कुमार चौबे, कृषि मौसम वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सिरिस, औरंगाबाद, बिहार ने जिले के किसानों को मौसम के प्रति आगाह किया है तथा किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए मीड़ि्या के माध्यम से किसानों के साथ मानसून का जानकारी को साझा किया है जिसमे 30 जून से 4 जुलाई तक आसमान में घने बादल छाए रहेंगे तथा हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है तथा तापमान में गिरावट भी हो होगा ' 30 जून, 1, 2, 3, 4 जुलाई को 6, 3, 16, 46, 13 एमएम वर्षा तथा अधिकतम तापमान 37, 33, 35, 33, 32 एवं न्यूनतम तापमान 23, 24, 24, 21, 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

किसान भाईयों आग्रह किया गया है कि खेत में मेड़ बनाकर बारिश के पानी का संरक्षण करें।

साथही खेतो में किसी भी प्रकार का दवा का छिड़काव मौसम साफ रहने की स्थिती में ही करे ।

सब्जी तथा दूसरे फसल में अगर जल जमाव हो जाये तो खेत से इसके लिए मेड़ काटकर जल निकासी का प्रबंध करें। आम और अमरूद के नए बगीचा लगाने के लिए मौसम अनुकूल है।

# जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उद्योग केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की बैठक की गई ।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे उद्योग केंद्र द्वारा संचालित योजनाओ के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति,औधोगिक नवप्रवर्तन अंतर्गत वर्तमान में संचालित औद्योगिक गतिविधियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित अत्यंत महत्वपूर्ण योजना यथा:प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समीक्षा क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध विभिन्न बैंकों को तत्संबंधी प्रेषित आवेदनों की कुल संख्या 218 की तुलना में अनुमोदित आवेदनों की संख्या अत्यंत कम है ।निर्देश दिया गया की उद्योग केंद्र से संबंधित पदाधिकारी बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों के यथोचित निदान हेतु ठोस प्रयास करे ।संबंधित बैंको को, आगामी बैठक जिसका आयोजन अगस्त माह में संभावित है,से पूर्व लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है ।औधोगिक नवप्रवर्तन अंतर्गत जिला के बिहपुर प्रखंड में रेडीमेड गारमेंट्स की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति के संबध में जानकारी दी गई की वार्षिक व्यापार वर्तमान में लगभग इकतीस लाख है ।निर्देश दिया गया की औद्योगिक नवप्रवर्तन अंतर्गत बिहपुर एवं जगदीशपुर प्रखंडों में संचालित औद्योगिक गतिविधियों की समीक्षा की जाए एवं उतरोतर प्रगति हेतु ठोस/प्रभावशाली रणनीति बनाई जाए। इसी प्रकार नवप्रवर्तन के तहत वर्तमान में संचालित मधु प्रसंकरण उद्योग के निरंतर प्रगति हेतु भी ठोस रणनीति के क्रियान्वयन पर बल दिया गया ।प्रधानमंत्री बुनकर मुद्रा योजना से संबंधित लगभग एक हजार आवेदन विभिन्न बैंकों में निष्पादन हेतु लंबित है ।बैठक में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों को आगामी एक माह में तत्संबंधी लंबित आवेदनों के यथोचित निदान हेतु निर्देशित किया गया है ।बैठक में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा क्रम में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि हेतु ठोस कारवाई का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त,महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र,एलडीएम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# छपरा में लूट का असफल प्रयास, राहगीर को बाइक सवार अपराधियों ने मारी चाकू

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में स्थित सरयूपार चौराहा के समीप सरयूपार-मुबारकपुर संपर्क मार्ग पर शुक्रवार की शाम कटोखर बाजार से घर लौट रहे एक राहगीर को दो अपाची बाइक पर सवार छह अपराधियों ने लूट में असफल होने पर चाकू मारकर घायल कर दिया। इस दौरान खेत में काम कर रहे आसपास के ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सिवान जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के सरयूपार गांव निवासी राम अवतार सिंह के पुत्र शंभू सिंह (55) काफी समय से अपनी ससुराल दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरयूपार गांव में रहते हैं। घायल शंभू सिंह के चचेरे साला चंद्रभूषण सिंह ने एकमा सीएचसी में मीडिया के समक्ष बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग 4:30 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर कटोखर बाजार आवश्यक कार्य से गए थे। कटोखर बाजार से सरयूपार बाइक से लौटने के दौरान शाम लगभग 5:15 बजे सरयुपार चौराहे से लगभग 10 कदम की दूरी पर एकडेंगवा सड़क की तरफ पीछा कर रहे दो बाइकों पर सवार छह अपराधियों ने राहगीर शंभू सिंह से नकदी, मोबाइल और चैन लूट का प्रयास किया। लेकिन लूट में सफल होने पर राहगीर के बाएं कंधे पर चाकू मारकर घायल कर दिया। वहीं घायल द्वारा शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों और चौराहे से लोगों के मौके पर पहुंचने पर मौका पाकर बाइक सवार अपराधी काटोखर बाजार की तरफ भाग निकले। इसके बाद घायल अवस्था में शंभू सिंह को ग्रामीणों और परिजनों के सहायता से एकमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचाया गया। जहां घायल का उपचार डॉ गुंजन कुमार के द्वारा किया गया। उपचार के दौरान चिकित्सक ने घायल की स्थिति खतरे के बाहर बताई है।



इस दौरान सीएचसी परिसर में सरयूपार और आसपास के ग्रामीणों की सूचना पाकर काफी भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों में बेलगाम अपराधियों के प्रति काफी गुस्सा नजर आया। हालांकि इस बात को लेकर संशय बरकरार है कि अपराधी लूट की नियत से हमला किए थे। अथवा हत्या को अंजाम देने वाले थे। इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही है। वहीं वारदात की सूचना दाउदपुर और एकमा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# 33 वां खेलकूद का आयोजन खेल से सर्वांगीण विकास ।

**भागलपुर :---समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी )**

गणपत राय सालारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में दिनांक 29.6. 2022 दिन बुधवार को 33 वां क्षेत्रीय समूह खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आरया, क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा ,प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख ब्रह्म देव प्रसाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद चौबे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विजेंद्र कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष डॉ चंद्र भूषण सिंह एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय खेलकूद कबड्डी एवं खो-खो के प्रस्तावना के क्रम में प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्या भारती 1989 से ही खेलकूद को अपने पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। भारत सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर कार्य कर रही है, परंतु विद्या भारती इस शिक्षा नीति के अनुसार बहुत पहले से ही आत्मसात कर छात्रों का सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर है। पांच केंद्रीय विषयों में स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से शारीरिक शिक्षा को प्रमुख स्थान दिया गया है। आज विद्या भारती के 25000 विद्यालय हैं एवं इस विद्यालय के छात्र एसजीएफआई से लेकर राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष भाग लेते हैं ।आज के दौर में खेलकूद भी कैरियर का एक महत्वपूर्ण भाग बन गया है। मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्या ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अतः शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद छात्रों के लिए अत्यंत ही आवश्यक होता है । खेल के माध्यम से स्वस्थ शरीर के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है। सामान्य रूप से इस उम्र में छात्रों में भटकाव भी होता है। अतः हमेशा अच्छे छात्रों के साथ मित्रता करनी चाहिए ।यह उम्र भविष्य निर्माण का रीढ़ भी माना जाता है । विशिष्ट अतिथि एवं क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्या भारती के द्वारा देश के लिए अच्छे खिलाड़ियों का निर्माण किया जाता है ।आज भारत माता ऐसे वीर सपूत मांगती है जिसके मन में त्याग, बलिदान ,समर्पण एवं सच्चाई का भाव हो । परस्पर प्रेम, भाईचारा, लगनशीलता के भाव से युक्त छात्र ही जीवन में सफल होते हैं। संकल्प , निरंतर अभ्यास एवं अनुशासन हमें लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है ।सभी छात्र प्रतिभावान होते हैं, आवश्यकता है उसके प्रतिभा को निखारने की एवं उसके सफलता के सूत्र को बताने की। अंक ज्ञान एवं अक्षर ज्ञान के साथ खेल के द्वारा छात्र अनुशासन के महत्व को भी जानते हैं ।अध्यक्षीय उद्बोधन के क्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे ने कहा कि जीवन में सफलता हेतु प्रतिस्पर्धा भी बहुत आवश्यक है। जीतने का जुनून हमारे सफलता के मार्ग को प्रशस्त करता है। आत्मविश्वास एवं जुनून खिलाड़ियों का एक महत्वपूर्ण गुण होते हैं। इस अवसर पर दक्षिण बिहार, उत्तर बिहार एवं झारखंड प्रदेश में संचालित विद्या मंदिर के लगभग 300 छात्र जिन्होंने प्रांतीय स्तर के कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वे सभी खिलाड़ी इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपस्थित हुए हैं। प्रांतीय खेलकूद प्रमुख फणीश्वर नाथ ने कहा कि क्षेत्रीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र अखिल भारतीय (कबड्डी एवं खो- खो )खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी अक्टूबर एवं नवंबर माह में रीवा मध्य प्रदेश, देवास मध्य प्रदेश, खुर्जा उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान जयपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने जाएंगे ।अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक के द्वारा ,आभार ज्ञापन क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख ब्रह्म देव प्रसाद के द्वारा एवं मंच संचालन क्षेत्रीय सह खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल के द्वारा किया गया। प्रेरणा की यह घड़ी एकल गीत बहन पीहू पल्लवी के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।इस अवसर पर 300 खिलाड़ियों के अतिरिक्त उनके संरक्षक आचार्य तथा विद्यालय के सभी आचार्य बंधु -भगिनी एवं मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा आदि उपस्थित थे।

